# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 08 मार्च, 2021

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

Total Short Notice Question- 13

----

### भूजल स्तर की गिरावट

***21 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जल जीवन हरियाली को लेकर सरकार ने कई प्राथमिकताएं तय करते हुए कार्यक्रमों की घोषणा की है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के कई जिलों में भूजल का स्तर काफी नीचे के स्तर तक चला गया है;

(ग) क्या यह सही है कि भूजल के स्तर में गिरावट की वजह से भविष्य में पेयजल का संकट उत्पन्न हो सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सदन को सरकार बतलायेगी कि इस दिशा में कौन-कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है, जिससे भूजल के स्तर को ऊपर किया जा सके तथा जल संकट को दूर किया जा सके ?

----

### तालाब का अतिक्रमण

***85 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **पशु एवं मत्स्य संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना सिटी में अवस्थित रानीपुर तालाब जो 3 एकड़ में फैला हुआ है जहां अनेकों वर्षों से मछलीपालन के द्वारा मछुआरों का परिवार अपना भरण-पोषण करता रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त रानीपुर तालाब को भू-माफिया के लोगों द्वारा अतिक्रमित कर वहां अवैध ढंग से भवन निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है तथा मछुआरों का व्यवसाय चौपट हो चुका है ;

(ग) क्या यह सही है कि मछुआरों की बस्ती के बीचोंबीच अवस्थित रानीपुर तालाब में एक तरफ भू-माफियाओं का कब्जा और दूसरी तरफ बचे हिस्से में पटना नगर निगम के द्वारा शहर भर के नालों का गंदा पानी भी इसी तालाब में गिराने से पानी जहरीला-सा हो गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलायेगी कि वह मछुआरों के व्यवसाय तथा तालाब के अतिक्रमित हिस्से को तोड़ने हेतु क्या कदम उठाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*86 **मो. फारूक (विधान सभा):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर-शिवहर पथ के नरवारा से शिवहर तक की सड़क में निर्माण कार्य धीमी रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य अप्रैल 2020 तक ही पूर्ण कर लेना था परन्तु अभी तक अधूरा ही कार्य हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुजफ्फरपुर-शिवहर पथ का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

----

## लंबित अनुदान खाते में उपलब्ध

*87 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **पंचायती राज** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2017 में मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखण्ड अंतर्गत बाढ़ पीडि़तों के लिए खाद्यान्न एवं नगद अनुदान राज्य सरकार द्वारा आवंटित किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश के बावजूद अंचल कार्यालय, बेनीपट्टी द्वारा बाढ़ पीडि़त लाभुकों के खाता में नेफ्ट के माध्यम से उक्त अनुदान की राशि को आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड अंतर्गत बाढ़ पीडि़तों के लंबित अनुदान की राशि उनके खाते में उपलब्ध कराना चाहती है ?

----

## पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*88 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– 31(NH-31) पर पूर्णिया जिले की सीमा स्थित वायसी एवं डगरुआ में फोर लेन के बीचों-बीच दुर्घटनाग्रस्त अथवा अन्य कारणों से छोटी-बड़ी गाडि़यां प्रशासन द्वारा रखी गई हैं जिसके कारण सड़क पार करने वालों को कभी-कभी अपने जान-प्राण से हाथ धोना पड़ता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो कब तक ?

----

## सड़क का निर्माण

*89 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कोंच/गुरारु प्रखंड के अमवां रेलवे गुमटी से परिहास तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिस कारण से लोगों एवं गाडि़यों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त

सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां ताक कब तक ?

----

## प्रखंडों में पदस्थापन

*90 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पटना के पत्रांक- 3026 दिनांक 15.10.2016 द्वारा Bare Foot Technician (BFT) स्क्रिनिंग परीक्षा में सफल कुल 13 अभ्यार्थियों की सूची सचिव, ग्रमीण विकास विभाग, बिहार को उपलब्ध करायी गयी है ;

(ख) क्या यह सही है कि ये सभी 13 सफल अभ्यर्थी पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते हैं, जिन्हें न तो प्रशिक्षण ही दिया जा रहा है और न उनका नियोजन ही किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि इन 4 वर्षों में इन सफल अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण देकर प्रखंडों में पदस्थापित करने का निवेदन किया है, किन्तु फलाफल शून्य है,

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार Bare Foot Technician (BFT) स्क्रिनिंग परीक्षा में सफल कुल 13 अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर कबतक प्रखंडों में पदस्थापित करना चाहती है ?

----

## डिवाइडर का निर्माण

*91 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज से सीवान तक को केंद्र सरकार द्वारा नेशनल हाईवे-85 (अब गोपालगंज-सीवान-छपरा एनएच-531) घोषित करने के बाद 290 करोड़ रुपए खर्च कर 34 किमी लंबी रोड बनाने का काम एनएचएआई करा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि गोपालगंज से सीवान नेशनल हाईवे-85 (अब गोपालगंज-सीवान-छपरा एनएच-531) के किनारे लगभग 25 गांव बसे हैं, उन गांवों के पास भी कोई संकेतक नहीं बनाए गए हैं, न ही डिवाइडर ;

(ग) क्या यह सही है कि इस हाईवे पर एक साल में 20 से अधिक लोग हादसों में

अपनी जान गंवा चुके हैं अधिकांश हादसे डिवाइडर नहीं होने के कारण रौंग साइड में आकर टक्कर मारने से हुई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नेशनल हाईवे पर डिवाइडर एवं संकेतक बनायेगी, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## यू-टर्न चालू हो

*92 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनिसाबाद गोलम्बर से एम्स जानेवाली एन.एच.- 98 सड़क ट्रक, बस तथा छोटी गाड़ी के चलने के कारण काफी व्यस्त रहती है ;

(ख) क्या यह सही है कि इतनी व्यस्त सड़क पर प्रशासन के सहयोग से दुकानदारों द्वारा सड़क अतिक्रमण कर समान एवं गाड़ी विपरीत दिशा में लगाई जाती है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क जाम रहने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं ;

(घ) क्या यह सही है कि खोजा इमली मजार के पास यू-टर्न बनाया गया था, जिसे कुछ दिन पहले बंद कर दिया गया है ;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोड की दोनों तरफ अतिक्रमण से मुक्त कराकर एवं खोजा इमली मजार के पास यू-टर्न को पुनः चालू कर यातायात को सुलभ बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## को-ऑपरेटिव का गठन

*93 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **पशु एवं मत्स्य संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 24 हजार डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी है, लेकिन राज्य में गांवों की संख्या करीब 40 हजार है ;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी में 12 लाख 50 हजार पशुपालक सदस्य है ;

(ग) क्या यह सही है कि जिस गांव में डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी नहीं वहां के पशुलाक औने-पौने दाम पर दूध बेचने के लिए मजबूर रहते हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डेयरी को-ऑपरेटिव का गठन राज्य के सभी गांवों में कब तक करना चाहती है ?

----

## जबरन राशि उगाही पर रोक

*94 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

Will the **पशु एवं मत्स्य संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मत्स्य व्यवसायियों द्वारा कोलकता से बिहार के विभिन्न जिलों में जिंदा मछली का परिवहन विपणन हेतु किया जाता है, परिवहन के क्रम में कोलकाता से बिहार के रास्ते में पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध जबरन राशि की उगाही की जाती है ;

(ख) क्या यह सही है कि मत्स्य व्यवसायियों को सुरक्षा मुहैया कराने हेतु इस संबंध में कॉफ्फेड द्वारा अपने पत्रांक-17341/19 एवं 17339/ 19 दिनांक-16.01.2020 के द्वारा माननीय मंत्री महोदय का आकृ ष्ट कराया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार मत्स्य व्यवसायियों द्वारा कोलकता से जिंदा मछली परिवहन के क्रम में बिहार के विभिन्न शहरों के पुलिस अधिकारियों के द्वारा अवैध/जबरन राशि उगाही पर रोक लगाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क जीर्ण-शीर्ण

*95 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला मुख्यालय, बस स्टैंड से शाही मुहल्ला (पुरानी अरवल) होते हुए बैदराबाद जानेवाली सड़क अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क की कई वर्षों से मरम्मती नहीं होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त सड़क का पुनर्निर्माण अतिशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## त्वरित न्याय पर विचार

*96 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **पंचायती राज** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार पंचायत राज कानून 2006 के अधीन सरपंच, उपसरपंच, व पंच को आई.पी.सी. की धारा के तहत दर्ज होने वाले छोटे मामलों का निपटारा करने का अधिकार है, बावजूद इसके थाना एवं निचली अदालत से ग्राम कचहरी को मामलों का ट्रांसफर पिछले 14 सालों से नहीं हो रहा है, परिणामस्वरूप मुकदमों का अनावश्यक बोझ थाना तथा अदालतों पर पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीणों को थाना एवं अदालत से सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय पाने में दिक्कत हो रही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्षों से चल रही इस कुव्यवस्था को ठीक करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----